भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-4191**

**उत्तर देने की तारीख-27/03/2023**

**डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना**

**†4191. श्री राहुल रमेश शेवाले:**
**श्री चंद्र शेखर साहू:**
**डॉ. टी. सुमति (ए) तामिझाची थंगापंडियन:**
**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:**
**श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) क्या सरकार ने 2022-23 के बजट में की गई घोषणा के अनुसार डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश और देश से बाहर किन्हीं संस्थानो के साथ भागीदारी की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार ओडिशा सहित देश के विभिन्न राज्यों में उन कमजोर समुदायों और वर्गों के बीच इसे किस प्रकार बढ़ावा देने की योजना बना रही है जो ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने के लिए आसानी से डिजिटल उपकरणों का खर्च वहन नहीं कर सकते हैं;

(घ) वर्ष 2021-22 योजना में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से प्रदान की गई सभी छात्रवृत्तियों के राज्य-वार सरकारी आंकड़े क्या है;

(ड.) उस छात्रवृत्ति योजना का ब्यौरा क्या है जिसमें सर्वाधिक लाभार्थी है; और

(च) ऐसे लाभार्थियों की संख्या कितनी है जो अपने अध्ययन के बाद के वर्षों में अनुत्तीर्ण रहे जिससे उनकी छात्रवृत्ति बंद हो गई और सरकार द्वारा उनकी सहायता के लिए क्या कार्रवाई की गई है अथवा किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ सुभाष सरकार)**

(क) से (ग): भारत सरकार ने वर्ष 2022-2023 की अपनी बजट घोषणा में डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की है। यह देश भर के छात्रों को उनके घर पर पर्सन्लाइज्ड अधिगम अनुभव के साथ विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाली सार्वभौमिक शिक्षा तक पहुंच प्रदान करेगी। डिजिटल विश्वविद्यालय की मुख्य विशेषता, आईआईटी-मद्रास, दिल्ली विश्वविद्यालय, आईआईटी-दिल्ली, आईआईटी-खड़गपुर, आदि जैसे विभिन्न शीर्ष संस्थानों की साझेदारी से हब बिल्डिंग अत्याधुनिक आईसीटी विशेषज्ञता वाला एक नेटवर्क हब-स्पोक मॉडल है।

ओडिशा सहित सभी राज्यों में कमजोर समुदायों और वर्गों सहित सभी समुदायों की शैक्षिक सामग्री तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, स्वयम, स्वयं प्रभा टीवी चैनलों आदि के माध्यम से बहु-मॉडल शिक्षा को मिश्रित कर मजबूत अधिगम समुदायों का सृजन करने और सिंक्रनाइज़, अनुभवात्मक शिक्षा के लिए विभिन्न पहलों जैसेकि बहुभाषी विषय-सामग्री, सुलभ शिक्षण प्रबंधन प्रणाली, सहकर्मी शिक्षार्थियों को जोडने की योजना बनाई गई है।

(घ) से (च): राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) का रखरखाव इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा किया जाता है। एनएसपी का रखरखाव करने वाले एनआईसी दलों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2021-2022 में, केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं, केंद्र प्रायोजित योजनाओं और राज्य योजनाओं को कवर करते हुए एनएसपी पर कुल 115 छात्रवृत्ति योजनाओं की मेजबानी की गई थी। इन छात्रवृत्तियों का योजना-वार विवरण https://www.education.gov.in/parl_ques पर है। राज्यवार सूचना https://nsp.gov.in/dashboard/statepage# पर देखी जा सकती है। एनएसपी छात्रों की सहायता के लिए 24x7 हेल्पलाइन संचालित करता है। यह राज्य के नोडल अधिकारियों को संप्रेषण भी भेजता है और पात्र छात्रों को एसएमएस भी भेजता है, ताकि वे समय पर आवेदन पूरा कर सकें।

*****